दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### लैलूंगा में फल फूल रहा सट्टा कारोबार

#### स्कूली बच्चे व युवा वर्ग भी आ रहे चपेट में

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** साल भर से लैलूंगा में सट्टा का कारोबार भी तेजी से फल फूल रहा है और इसमें स्कूली बच्चे और युवा वर्ग बर्बाद हो रहा है यहां तक कि लैलूंगा में जो छूट पुट चोरिया हो रही जिसका कोई रिपोर्ट नही करता सब इन्ही सट्टा के चक्कर में हो रहा है। आम तौर पर युवाओ एवं बच्चों के पास पैसे नही होते हैं तब छुटपुट लोहे ,टिन,और कबाड़ समान की चोरी कर कबाड़ की दुकान पर बेच दिया जाता है और कबाड़ से मिले उन पैसों को सट्टा में लगा देते है लैलूंगा थानेदार को शायद यह पता नही होगा कि थाने के पिछे महज दो सौ मीटर की दूरी पर ही कबाड़ का काला करोबार लम्बे अर्से से चल रहा है जो कि थाने के सामने से ही पिकप में लोड हो कर निकलता है पर आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही का न, होना,भी एक चिंतनीय विषय है। इसी तरह सट्टा का फल फूल रहा कारोबार भी धड़ल्ले से चल रहा है और लैलूंगा के युवाओं को अपने जाल में फंसा रहा है जिससे वह दिन दूर नही की लैलूंगा की युवा पीढ़ी बर्बाद हो जाएगा शासन को चाहिए कि इन सट्टा खाईवालों के ऊपर जल्द से जल्द कार्यवाही करे ताकि युवा पीढी इस दलदल से बच सके सट्टा खिलाने वाले कोई और नही स्थानीय लोग ही हैं जिसमे एक शिक्षक और एक कथित भाजपा नेता का नाम शामिल बताया जाता है।

### दो पड़ोसी भाईयो का ताला टूटा

#### 30 हजार नगदी सहित 50 हजार का सामान चोरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने सुने मकान का ताला तोड़कर 2 भाईयों के घरों से हजारों रूपए का जेवर व सामान पार कर दिया , पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम घघरा में रहने वाले धनंजय कुमार पंकज पिता बरातु राम पंकज उम्र 38 वर्ष द्वारा 01 जून को थाना खरसिया में अपने घर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता धनंजय कुमार ने बताया कि 31 मई की शाम करीब 07 बजे घर के दरवाजा में ताला लगाकर परिवार सहित ग्राम रेडा अपने ससुराल गया था। कल सुबह 04 बजे गांव का संतोष कुमार निषाद मोबाईल फोन में बताया कि इसके तथा इसके बडे भाई सरोज पंकज के घर का ताला टुटा हुआ है, चोरी हुई है। तब धनंजय कुमार घर आकर देखा कोई अज्ञात चोर इनके गैरहाजिरी में दरवाजा का ताला तोड़कर अलमारी से नगदी 30000/ रूपये व सोने का गेहूं दाना, मटर दाना एवं लेडिस पर्स में रखा 500 /रू तथा बडे भाई सरोज पंकज के घर के अलमारी के अंदर रखा 700 /रूपये जुमला 47,200/- रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### चेम्बर का 60 वां प्रांतीय अधिवेशन 6 जून को रायपुर में

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** भारत वर्ष की सबसे बड़ी व्यापारिक संस्था छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज आगामी 6 जून 2019 दिन गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम जी ई रोड साइंस कॉलेज के पास रायपुर में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक अपना 60 वां वार्षिक अधिवेशन मनाने जा रहा है । जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी और विशेष अतिथि के रूप में अन्य माननीय मंत्रीगण की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## सड़क पर वाहन खड़ा करना पड़ा महंगा

### » 17 वाहन चालकों का कटा चालान



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शहरी यातायात को व्यवस्थित करने के लिए पुलिस और यातायात महकमे के द्वारा सड़कों के किनारे ब्लू लाईन का उपयोग किया गया है। मगर लापरवाह वाहन चालक यातायात नियमों की लगातार अनदेखी कर रहे हैं जिसके कारण लगातार यातायात में आ रही बाधा को देखते हुए पुलिस ने अब ऐसे बाईक सवारों तथा वाहन चालकों पर गाज गिराना शुरू कर दिया है। पुलिस कप्तान के निर्देश पर ऐसे 17 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना की रोकथाम तथा मुख्य मार्गों में वाहनों को खड़ी कर यातायात को बाधित करने वाला एवं सड़क पर अवैध पार्किंग की शिकायतों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को दिया गया है। गत दो दिनों से थाना/चौकी प्रभारीगण उनके क्षेत्र में आने वाले राष्टीय राजकीय राजमार्ग एवं अन्य मुख्य मार्ग में वाहन को खड़ी कर सड़क दुर्घटना को निमंत्रण देने वाले तथा यातायात को अवरूध करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही किया जा रहा है। पुलिस अधिकारीगण मौके पर वाहनों के कागजात, बीमा, फिटनेश आदि की भी जांच कर कार्यवाही किया जा रहा है। 01 एवं 02 जून की शाम तक जिले के थाना कोतवाली स्टाफ द्वारा 05, पूंजीपथरा द्वारा 04, कोतरारोड़ तथा तमनार द्वारा 02-02 एवं थाना चक्रधरनगर, बरमकेला, छाल, खरसिया द्वारा 1-1 भारी वाहन चालकों पर वाहन मार्ग पर खड़ी कर यातायात बाधित करना पाये जाने पर धारा 283 भादंवि के तहत कार्यवाही किया गया है। आज शाम तक कुल 17 वाहन चालकों पर यह कार्यवाही की गई है जो आगे भी जारी रहेगा।

## शहर में पेट्रोल चोरो का आतंक चोरी करते आरोपी हुआ कैमरे में कैद



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शहर में इन दिनों चोरो ने आतंक मचाया हुआ है जिसमें मंदिर, दुकान, दफ्तर सुने मकान सरकारी राशन दुकान बोर केबल,एसी केबल,छोटे -बड़े दुकान संस्थानो में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है।

अब शहरवासी पेट्रोल चोरी करने वाले लोगो के आतंक से भयाक्रांत है। जिसमें असामाजिक तत्व ने आधीरात गली मौहल्ले में घूम घूम कर मोटरसाइकिल से पेट्रोल चोरी करने की वारदात को अंजाम दे रहे है। ऐसा ही वाक्या चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के कई इलाके में देखने को मिला रहा है, इस गैंग के कुछ सदस्य मोटरसाइकिल में आकर कसेर पारा में मोटरसाइकिल से पेट्रोल चोरी कर ले उड़े। वही पेट्रोल चोरी करने वाले चोर स्थानीय लोगो के घरों में मौजूद सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में कैद हो गए है। इस घटना के बाद पीड़ित संजय साहू उम्र 38 वर्ष कसेर पारा चक्रधर नगर थाना क्षेत्र रहवासी थाने में शिकायत देने की क़वायद में जुट गया है।

यहां यह बताना लाजमी होगा कि जिला पुलिस के आला अधिकारियों की टीम रोटेशन के तहत शहर में गश्त करते है। इसके बावजूद इस तरह की घटना घटित हो रही है इससे स्पष्ट है कि जिले में शहर व ग्रामीण अंचल में पुलिसिया तंत्र पस्त है।

## बरमकेला के पास पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत एक घायल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बरमकेला थाना क्षेत्र में शनिवार रात हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। व्यक्ति अपने बेटे से मिलने सरिया गया था। सरिया से घर वापसी की दौरान पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसके एक अन्य रिश्तेदार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मवेशी बाजार के आड़ में हो रही पशु तस्करी, किसानों को बिक्री के नाम पर बुचड़खाने भेजे जा रहे पशु

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** धरमजयगढ़ क्षेत्र में मवेशी बाज़ार के नाम पर पशुओं की तस्करी धड़ल्ले से जारी है। तस्कर बेखौफ़ होकर मवेशी की तस्करी कर रहे हैं, इन्हें कोई रोकने टोकने वाला नहीं है। धड़ल्ले से जंगल एवं मुख्यमार्ग में पशुओं को रस्सी से बांधकर हाँकते हुए बाजार में आसानी से देखा सकता है। मानो इन्हें क्रुरता का अधिकार मिल गया हो, स्थानीय प्रशासन का जरा भी भय नहीं, और हो भी कैसे स्थानीय प्रशासन हाँथ पर हाँथ धरे पशुओं पर हो रहे क्रुर अत्याचार को देख रही हैं। धरमजयगढ़ क्षेत्र में आमापाली और चरखापारा दो मवेशी बाज़ार हैं जो मवेशी तस्करी का केंद्र बना हुआ है शनिवार को आमापाली और सोमवार को चरखापारा दो साप्ताहिक मवेशी बाज़ार हैं जहाँ हर सप्ताह भारी संख्या में मवेशियों की खरीद फरोख्त की जाती है ,बाजार से मवेशी विक्री कर अन्य राज्य भेजा जा रहा हैं बड़ी अजीब बात है किसी भी कीमत में बूढ़े बैलों को किसान क्रय नहीं करेगा और हर सप्ताह किसान बैल क्यों लेगा फिर भी नाम किसान का ऐसे में पेंच साफ़ है भारी संख्या में मवेशीयों की खरीदी कौन कर रहा है?। क्षेत्र में पशु क्करूरता की सारी हदें पार हो गई है मवेशी कोचिया पशु क्करूरता अधिनियम की धज्जिया उड़ा रहे हैं ,मवेशियों को हांककर लाते समय बूढ़े बैल, गाय, और बछड़े साफ़ नजर आते हैं पशुओं के पैरों में नाल लगवाकर सैकड़ों किलोमीटर हाँक कर बाजार लाकर बेचा जाता है।

## स्कूल प्रांगण में जुआ खेल रहे 10 जुआरी सपड़ाए



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोष्टापारा पुत्रीशाला स्कूल प्रांगण में जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को पकड़ा है। इनके पास से ताशपत्ती सहित करीब 3 हजार रूपए के नगदी रकम बरामद की गई है। आरोपियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली स्टाफ द्वारा कल शाम मुखबिर सूचना पर कोष्टापारा पुत्रीशाला में ग्राउंड में जुआ खेल रहे व्यक्तियों को रेड कर पकड़ा। पुलिस की रेड कार्यवाही मौके पर जुआ खेलते हुए आशू अग्रवाल पिता घनश्याम उम्र 21 वर्ष सा0 मेन अस्पताल के सामने , विनय जायसवाल पिता श्याम जायसवाल उम्र 31 वर्ष सा0 रामगुडीपारा ,बाबुलाल शर्मा पिता दयाकिशन उम्र 50 वर्ष सा0 पैलेस रोड , अभिषेक शर्मा पिता मधुसुदन शर्मा उम्र 25 वर्ष सा0 बैकुठपुर, पवन द्विवेदी पिता श्रीनिवास द्विवेदी उम्र 34 वर्ष सा0 गांजा चौक , रमेश कुमार पिता तेजराम बैरागी उम्र 37 वर्ष सा0 रामगुडीपारा ,अमन शराफ पिता सतीश सराफ उम्र 25 वर्ष सा पैलेश रोड , रवि सिंह ठाकुर पिता मंनराखन सिंह उम्र 40 वर्ष सा0 कोतरारोड , महेन्द्र मेहर पिता उचित राम मेहर उम्र 50 वर्ष सा0 पैलेश रोड, विजेन्द्र सिंह ठाकुर पिता राम चंद्र सिंह उम्र 37 वर्ष निवासी कोष्ठापारा पकडे गये। जिनके फण्ड एवं पास से कोतवाली पुलिस ने जुमला 2850 रूपये और 52 पत्ती तास जप्त किये हैं। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।







### तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

**न्यायसाक्षी समाचार-पत्र**
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

### ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

**न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस**
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

### न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् ख़बरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480